आवश्यक

संख्या:67/2021/1440478/12-2099/161/2021

प्रेषक,

डा0 देवेश चतुर्वेदी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनॉक: 11 अक्टूबर, 2021

विषय: खरीफ 2021 मौसम में क्रॉप कटिंग प्रयोगों को CCE Agri App द्वारा समय से पूर्ण करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि फसल कटाई प्रयोगों का सम्पादन राजस्व कार्मिकों के द्वारा प्रत्येक मौसम में कराया जाता है। फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसलों के उत्पादन तथा उत्पादकता के अनुमान का आंकलन किया जाता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के दैवीय आपदाओं से फसल की उपज में हुई क्षति की प्रतिपूर्ति भी इन्ही आंकड़ों का उपयोग करते हुए सुनिश्चित की जाती है।

2. उल्लेखनीय है कि खरीफ, 2021 मौसम में फसल कटाई प्रयोगों का सम्पादन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनिश्चित कराया जाना है। प्रयोगों से सम्बन्धित सूचनाओं को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के CCE Agri App पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। भारत सरकार द्वारा वर्तमान में CCE Agri App के नये वर्जन V1.3.27 को अपडेट किया गया है। एप्प के माध्यम से फसल कटाई प्रयोगों को सम्पादित करने हेतु प्रदेश के सभी राजस्व कार्मिकों को राजस्व परिषद द्वारा पूर्व में ही स्मार्ट-फोन उपलब्ध कराये गये हैं तथा सभी राजस्व कार्मिकों को इसका प्रशिक्षण भी समय से दिया गया है।

3. प्रश्नगत सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद स्तर पर भू-लेख अधिकारी/सहायक भू-लेख अधिकारी एवं तहसील स्तर पर तहसीलदार को निर्देशित करें कि वे क्रॉप कटिंग प्रयोगों के सम्पादन से सम्बन्धित सभी राजस्व कार्मिकों के स्मार्ट-फोन पर नये वर्जन V1.3.27 को समय-समय पर अपटेड कराते हुए फसलों की कटाई करें एवं सभी कटाई प्रयोगों की सूचनायें समय से भारत सरकार को उनके CCE Agri App पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

कृपया, उक्त निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
अपर मुख्य सचिव।

http://sirsaamadesh.up.gov.in

संख्या:67/2021/1440478(1)/12-2099/161/2021 तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,
2. संयुक्त सचिव (क्रेडिट), भारत सरकार,कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001.,
3. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश,
4. कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ,
5. निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ,
6. समस्त जिला कृषि अधिकारी, उत्तर प्रदेश,
7. समस्त बीमा कम्पनियॉ द्वारा निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, उत्तर प्रदेश,
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शत्रुन्जय कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in